Daily News

#BahraichPoliceInNews

https://linktr.ee/mediacellbahraich

चरस के साथ पकड़ी गई महिला, एसएसबी की डॉग स्क्वायड व पुलिस टीम

एसएसबी ने फिर बरामद की चरस

रुपईडीहा। एसएसबी 42वीं वाहिनी की रुपईडीहा बीओपी के जवानों ने नेपाल से रुपईडीहा आते समय मंगलवार की देर शाम एक नेपाली महिला को एक किलो चरस सहित गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान 45 वर्षीया फरकी रोका मगर पुत्री बूढ़ा रोका गांव सभा थवांग वार्ड नं 9 जिला रोल्पा राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है। महिला के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं मुकदमा दर्ज कराकर रुपईडीहा थाने को सौंप दिया गया।

एक किलो चरस के साथ पकड़ी गई नेपाली महिला

रूपईडीहा/बाबागंज (बहराइच)। भारत-नेपाल सीमा पर जांच के दौरान एसएसबी टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। जवानों ने जांच के दौरान एक नेपाली महिला को एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसको पुलिस के हवाले कर दिया गया।

कमर पर बांध कर चरस ले जा रही थी बॉर्डर पार

एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि मंगलवार की शाम एसएसबी व पुलिस संयुक्त जांच कर रही थी। उसी दौरान नेपालगंज से रूपईडीहा आ रही महिला की तलाशी के दौरान उसकी कमर में बंधे दो पैकेट से एक किलोग्राम चरस बरामद किया गया।

महिला की पहचान नेपाल के थवांग वार्ड नंबर नौ निवासी फरकी रोखा भागर के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद महिला को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने महिला पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। टीम में उप कमांडेंट प्रचालन रमनलाल व सहायक कमांडेट वाशुकी नंदन पांडेय आदि शामिल रहे। (संवाद)

चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार- संसू, जागरण • रुपईडीहा: एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत व रमन लाल उप कमांडेंट (प्रचालन) के निर्देशन में रुपईडीहा चेक पोस्ट पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक महिला नेपाल से भारत आ रही थी। तलाशी लेने पर उसके कमर में बंधे दो पैकेट में एक किलो चरस बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम फरकी रोखा भागर निवासी थवांग वार्ड नंबर नौ जिला रोल्पा नेपाल बताया। उसे थाने के सिपुर्द कर दिया गया।

BAHRAICH POLICE

24/7 #BahraichPolice Social Media Cell #SPBahraich

SPBahraich के कुशल निर्देशन में, थाना रुपईडीहा पुलिस व #SSB की संयुक्त टीम द्वारा 01 किलो नाजायज चरस (कीमत करीब 30 लाख रूपये) के साथ 01 नफर अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।